द्वारा – ई मेल।

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

(सी–7ए, सुल्तान हाऊस, सवाई जयसिंह हाईवे, जयपुर।)
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

क्रमांक:पैरामेडि.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2022/ 2058 दिनांकः 27/10/22

–:संशोधित आदेश:–

प्रधानाचार्य,
समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थान,
राजस्थान।

विषयः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर के पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रम द्वितीय वर्ष सत्र 2018–19 मुख्य प्रायोगिक परीक्षा एवं द्वितीय वर्ष रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा सत्र 2017–18, 2016–17 एवं 2015–16 **माह–अगस्त–2022** की प्रायोगिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर के संशोधित आदेश कमांक पैरामेडि.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2022/2056 दिनांकः 22.10.2022 के संबंध मे लेख है कि परीक्षा समय–सारणी में **पुनः संशोधन** किया गया है, जो पत्र के साथ संलग्न कर आपको भिजवाई जा रही है।

आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके कॉलेज/संस्थान के उक्त विषयों के अभ्यर्थियों को जिनकी प्रायोगिक परीक्षायें होनी है, को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा दिवस के दिन समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होने की सुनिश्चितता करें।

कॉलेज/संस्थान यह सुनिश्चित करें कि कॉलेज/संस्थान के समस्त अभ्यर्थी (रिमाण्डेड सहित), जो प्रायोगिक परीक्षा देगें, उनके रोल नं., प्रायोगिक परीक्षा समय–सारिणी में अंकित हो, यदि अंकित नही है तो तुरन्त कौंसिल कार्यालय को कार्यालय दिवस में आज ही ई–मेल के माध्यम से rajasthanparamedicalcouncilgov@gmail.com पर सूचित करें। ऐसा न करने पर उक्त प्रायोगिक परीक्षाओं में सूचना के अभाव में किसी अभ्यर्थी के अनुपस्थित रहने या विलम्ब से पहुँचने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान की होगी। अतः अपने कॉलेज/संस्थान के उक्त परीक्षा हेतु पात्रता रखने वाले समस्त अभ्यर्थियों के रिकॉर्ड एवं रोल नं. की भलीभॉति जॉच कर लें।

अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश :–

1. प्रायोगिक परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी मॉस्क, दस्ताने एवं एप्रेन का उपयोग आवश्यक रूप से करें।
2. अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व, सफेद एप्रेन पहनकर, रोल नम्बर टैग, प्रवेश पत्र, कॉलेज आई.डी., आधार कार्ड या अन्य फोटोयुक्त आई.डी. एवं प्रेक्टिकल रिकॉर्ड के साथ प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
3. प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र पर समस्त अभ्यर्थी सोशल डिस्टेंसिंग, सेनीटेशन आदि के संबंध में केन्द्र पर की गई व्यवस्थाओं का पूर्णतः पालन करेंगे व केन्द्राधीक्षक के निर्देशों का पालन करेंगे।
4. अभ्यर्थी अपने साथ पानी की पारदर्शी बोतल ला सकते हैं।
5. परीक्षा समय–सारिणी सुलभ संदर्भ हेतु राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल की वेबसाईट www.rajasthanparamedicalcouncil.org पर भी उपलब्ध है।

संलग्न :– नवीन संशोधित समय–सारणी।

27/X/22

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक:पैरामेडि.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2022/ 2058 दिनांकः

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. प्रभारी, सर्वर रूम को भेजकर लेख है कि आज ही वेबसाईट पर अपलोड करें।
4. रक्षित पत्रावली।

27/X/22

परीक्षा नियंत्रक